भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-118
उत्तर देने की तारीख-01/12/2025

सरकारी प्राथमिक विद्यालय

†118. **डॉ. काकोली घोष दस्तीदार:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में सरकारी विद्यालयों के माध्यम से प्राथमिक शिक्षा का लाभ उठाने वाले बच्चों की संख्या कितनी है;
(ख) देश में पक्की इमारत में संचालित होने वाले विद्यालयों की संख्या कितनी है;
(ग) देश में पूर्णतः कार्यरत शौचालयों वाले विद्यालयों की संख्या तथा बालकों एवं बालिकाओं के लिए पृथक-पृथक रूप से पूर्णतः कार्यरत शौचालयों वाले विद्यालयों की संख्या कितनी है; और
(घ) देश में अविरल विद्युत आपूर्ति तथा और अविरल पेयजल आपूर्ति वाले विद्यालयों की संख्या कितनी है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क): स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग (डीओएसईएल) शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उपलब्ध कराए गए स्कूल शिक्षा के संकेतकों संबंधी डेटा रिकॉर्ड करने के लिए शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली प्लस (यूडाइज़+) तंत्र बनाया है। यूडाइज़+ वर्ष 2024-25 के अनुसार, देश के सरकारी स्कूलों में प्राथमिक शिक्षा में नामांकित बच्चों की संख्या प्राथमिक कक्षाओं वाले 8,68,987 सरकारी स्कूलों में 5,70,50,360 है।

(ख): यूडाइज़+ वर्ष 2024-25 के अनुसार, देश में पक्के भवनों में संचालित स्कूलों की कुल संख्या 13,71,197 है।

(ग): यूडाइज़+ वर्ष 2024-25 के अनुसार, देश में पूरी तरह कार्यात्मक बालिकाओं के शौचालय और बालकों के शौचालय की सुविधा वाले स्कूलों का प्रतिशत क्रमशः 94.0 और 92.4 है।

(घ): यूडाइज़+ वर्ष 2024-25 के अनुसार, देश में बिजली कनेक्शन और पेयजल सुविधा वाले स्कूलों का प्रतिशत क्रमशः 93.6 और 99.3 है।

******